जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

संरक्षक
बाबू लाल सैनी

सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-2 | जयपुर, सोमवार, 10 जनवरी, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

छोटे बच्चों का वैक्सीनेशन जल्द शुरू हो, हर आयु वर्ग को लगे बूस्टर डोज- मुख्यमंत्री

जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह साबित हो गया है कि कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेशन सबसे कारगर उपाय है। ?से में हर आयु वर्ग का वैक्सीनेशन होना बेहद जरूरी है। दुनिया के कई मुल्कों में छोटे बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार भारत में भी छोटे बच्चों का वैक्सीनेशन जल्द प्रारंभ करे और बूस्टर डोज का दायरा बढ़ाए, क्योंकि हर आयु वर्ग में को-मोर्बिड रोगी पाए जाते हैं। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से कोविड वैक्सीनेशन तथा कोविड की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। देश में बच्चों की एक बड़ी आबादी है। उनका टीकाकरण आवश्यक रूप से होना चाहिए और उनके स्वास्थ्य की रक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि एक निर्धारित समय के बाद वैक्सीन का असर कम होने लगता है तथा सभी आयु वर्ग में डायबिटीज, हाइपरटेंशन, बीपी, हार्ट से संबंधित सहरूग्णता (को-मोर्बिड) के रोगी पाए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि से में केन्द्र सरकार हर वर्ग के लिए बूस्टर डोज अनुमत करे। गहलोत ने कहा कि राजस्थान वैक्सीनेशन के मामले में देश में मॉडल स्टेट है। प्रदेश में अब तक 18 वर्ष से अधिक के 92 प्रतिशत से अधिक लोगों को वैक्सीन की पहली तथा करीब 78 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। किशोर एवं किशोरियों का टीकाकरण भी पूरी मुस्तैदी से किया जा रहा है। मात्र 4 दिन में ही 15 से 18 वर्ष के 30 प्रतिशत से अधिक किशोर एवं किशोरियों को वैक्सीन लगा दी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जो लोग जागरूकता के अभाव में अब तक वैक्सीनेशन से वंचित रह गए हैं।

उनका वैक्सीनेशन कर शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिपरिषद् के सदस्यों से लेकर पंचायत स्तर के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वयं सेवी संस्थाएं लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। साथ ही, कोविड प्रोटोकॉल की पालना के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर के दौरान संक्रमित हुए लोगों में पोस्ट-कोविड की जटिलताएं देखने को मिली हैं। कई लोगों में आज तक इसका असर दिख रहा है। ओमिक्रॉन के दुष्प्रभावों को लेकर भी हमें सचेत रहने की आवश्यकता है।

जयपुर की 16 साल की लड़की बनी मिस टीन दीवा

जयपुर (हमारा वतन) मिस टीन दीवा 2021 के सेकेंड एडिशन में जयपुर की मन्नत सीवाच ने ताज अपने नाम किया है। मन्नत को 29 दिसंबर को गुरुग्राम में हुए ग्रैंड फिनाले में मिस टीन इंटरनेशनल इंडिया 2021 के इस ताज से नवाजा गया। मन्नत ने महज 16 साल की उम्र में 35 कंटेस्टेंट्स को हराकर पेजेंट अपने नाम किया। मन्नत ने अपनी जीत पर कहा, 1 साल की मेहनत आखिर रंग लाई। मन्नत जयपुर की रहने वाली हैं। उनके पिता संदीप सीवाच एक्स आर्मी ऑफिसर हैं। अभी जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल से 11वीं कक्षा (कॉमर्स और मैथ्स) की पढ़ाई कर रही हैं। उनका जन्म श्रीगंगानगर में हुआ था, लेकिन परिवार जयपुर में करीब 14 साल से रह रहा है।मन्नत बताती हैं कि इस पेजेंट को जीतने के लिए उन्हें घंटों प्रैक्टिस की। इस सक्सेस को पाने के लिए उन्होंने अपने पेशेंस के साथ सभी कठिनाइयों को पार किया। अपने देश की सेवा करने का जुनून बचपन से है। इसी जुनून के साथ आने वाले ब्यूटी पेजेंट में जीतने की आशा करती हूं।

श्री राजपूत सभा चौमूं ने किया नाथाजी जयंती पर रक्तदान शिविर एवं वीरांगना सम्मान समारोह

जयपुर (हमारा वतन) श्री राजपूत सभा चौमूं के तत्वाधान में नाथाजी जयंती पर रक्तदान शिविर एवं वीरांगना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ वीर नाथाजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया । साथ ही प्रथम सीडीएस विपिन रावत को भी श्रद्धांजलि दी गई । समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने समाज को एकजुट होकर सभी समाजों को लेकर देश को आगे बढ़ाने की बात कही । समारोह में अंजनी हनुमान धाम मंदिर हाड़ोता के महंत हरिकृष्णदास ग्वालिया बाबा ने सभी उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राजपूत सभा चौमूं की संरक्षिका और स्टार फाउंडेशन अध्यक्ष रुक्षमणी कुमारी , शौर्य चक्र विजेता कर्नल बजरंग सिंह तंवर, चौमूं पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह निर्माण , मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी, बुधराज सिंह शेखावत, नेत्री मंजू चौहान, चंद्रकला नागौरी,श्रवण सिंह शेखावत, हनुमंत सिंह राठौड़, सुशीला शर्मा, कन्हैया लाल सैनी (गोसेवक), वीर शहीद रोहिताश लांबा की माताजी घीसी देवी लांबा, वीरांगना मोहन कवर , प्रियंका कंवर ,मोरीजा गढ़ की माजीसा कमला कंवर आदि ने शिरकत की । सभा अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि कार्यक्रम में 65 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। वृद्धजन ,वीरांगनाओं, सैनिकों ,पूर्व सैनिकों एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व हेलमेट देकर सम्मानित किया गया । साथ ही एनसीसी कैडेट्स को भी प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जाग्रति हॉस्पिटल के रक्तदान शिविर में 229 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

जयपुर (हमारा वतन) मोरीजा रोड स्थित जाग्रति हॉस्पिटल और ग्राम सेवा संस्था द्वारा 15 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़ -चढ़कर रक्तदान किया । जिसकी बदौलत 229 यूनिट रक्त दुसाद ब्लड बैंक के द्वारा एकत्रित किया गया। हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर हरिवल्लभ सैनी ने बताया कि सभी रक्तदाताओं को हेलमेट, मफलर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य, संस्था अध्यक्ष बाबूलाल पुजारी, साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी, फतेहपुरा पूर्व सरपंच रामअवतार अग्रवाल आदि ने शिरकत की । इस दौरान सुरेश सैनी, किशोर प्रजापत, गोपाल शर्मा, पीटीआई हनुमान सैनी, अमित शर्मा, मुकेश सैनी, बालकिशन बागड़ा, छोटू राम सैनी ,शैतान लाल सैनी, राजेश, कृष्ण सैनी, ओम प्रकाश सैनी, विमल शर्मा, खेतराज प्रजापत, डॉक्टर सुनील सैनी, सुरेंद्र बागड़ा, सीताराम जाट, कुंदन शर्मा, राजेंद्र प्रजापत, मनीष मेडिकल स्टोर और सभी ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा ।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9785438901, 8949138008

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

कर्मचारी जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने प्रवीण माथुर को दी बधाई

जालोर (हमारा वतन) राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जिला जालोर जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने प्रवीण माथुर का सहायक प्रशासनिक अधिकारी से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जलदाय विभाग जालोर पदौन्नति होने पर माला पहनाकर बधाई दी । प्रवीण माथुर ने इस दौरान समस्त स्टाफ और सभी कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की कर्म करने से ही सफलता मिलती है ।

सावित्री बाई फुले जयंती पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

चौमूं (हमारा वतन) सावित्री बाई फुले जयंती पर महात्मा ज्योतिराव फूले विकास संस्थान चौमूं के तत्वाधान में एवं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य आतिथ्य में सैनी सभा भवन पर प्रतिभावान छात्र - छात्राओं का सम्मान समारोह किया गया । समारोह में दिनांक 25 दिसंबर को संस्थान द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता में चयनित श्रेणी I,II,III प्रतिभाओं का एवं सत्र 2019-2020 व 2020-2021 की प्रतियोगी परीक्षाओं,UPSC, RPSC, SSC, NEET, IIT, JEE, AIEE, RJS, CA व अध्यापक ग्रेड I,II,III तथा खेल कूद में चयनित अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर के चयनित खिलाड़ियों का सम्मान माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि चौमूं नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी , डॉक्टर भगवान सहाय सैनी (सैनी अस्पताल, चौमूं

) रहे। इस अवसर पर सावत्रि बाई फुले व महात्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीपज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। मुख्य परीक्षा नियंत्रक मदन लाल मलेरिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्थान के संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया एवं सम्पूर्ण कार्यकारिणी द्वारा पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी नगरपालिका चेयरमैन,विष्णु कुमार सैनी ,दिनेश कुमार सैनी,अध्यक्ष माली विकास समिति व सायर मल तंवर अध्यक्ष भवन निर्माण कमेटी का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा, शाल व माला पहनाकर स्वागत किया ।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर पूर्व विधायक, चेयरमैन, संस्थान के पदाधिकारियों व मंचासिन सभी मेहमानो द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने विजेता छात्र छात्राओं व अन्य प्रतिभागियों को बधाई दी तथा संस्थान द्वारा आयोजित इस तरह के कार्य की प्रशंसा की और भविष्य में इस कार्य को जारी रखने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष ने भी बच्चों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। इस अवसर पर संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने बताया की ऐसे आयोजन में सम्मान करने से गांव एवम् ढाणियों में छुपी हुई प्रतिभावो में निखार आता है। संस्थान अध्यक्ष द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अनिल कुमार सैनी ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज कुमार कांकरवाल, ओम भगत, परीक्षा संयोजक रामेश्वर लाल सिंगोदिया, मदन लाल मालेरिया,अर्जुन लाल सिंगोदिया, सुवा लाल सिंगोदिया,डॉक्टर मान प्रकाश सैनी , डॉक्टर सोहन लाल सैनी, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया, पूर्व चेयरमैन नानू राम तंवर, गोविंद नारायण सैनी, कालू राम सांखला, रामचंद्र सैनी, राम चंद्र तुंदवाल, राम चंद्र फडिया, राधेश्याम तंवर, छीतर मल बबेरवाल, हीरा लाल जादम, हीरा लाल पंच्या,सीता राम चंदोलिया,लाला राम,प्रभाती लाल सेक्रेटरी, झुथा लाल तंवर, बाबू लाल तंवर, महेश तंवर आदि लोग मौजूद रहे ।

विधायक रामलाल शर्मा ने अधिकारियों पर लगाया बेशकीमती जमीनों को खुर्द बुर्द करने का आरोप

चौमूं (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र के अंदर कई विवादित जमीन ऐसी है जो सरकार के खाते में होनी चाहिए। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के उदासीन रवैए से वह जमीन अब खुर्द-बुर्द होती दिखाई देती नजर आ रही है। सामोद के अंदर सार्वजनिक प्याऊ बंदौल के नाम से जमाबंदी के अंदर बेशकीमती जमीन थी, इस जमीन को भी खुर्द-बुर्द करने का काम प्रशासनिक अधिकारियों ने किया और सरकार के राजस्व को एक बहुत बड़ी हानि पहुंचाने का काम किया। इसको लेकर ग्रामीणों ने पहले भी आंदोलन किया। आंदोलन के उपरांत तत्कालीन उपखंड अधिकारी ने भी जनहित में यह बात मानी थी कि यह संपदा सरकार की है, उसके बावजूद कई प्रशासनिक अधिकारियों के फैसले के अंदर भी सरकारी संपदा मानी गई। लेकिन वर्तमान सरकार के प्रशासनिक अधिकारियो की घोर लापरवाही की वजह से जिस जमीन की पैरवी सरकार को खुद करनी चाहिए। वह खुद ही जमीन को खुर्द-बुर्द करने में लगे हुए हैं। इसी प्रकार की 1025 बीघा जमीन जो मोरीजा में स्थित है और सीलिंग की सरकार की जमीन है। उस जमीन के ऊपर भी आए दिन अतिक्रमण हो रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद भी वह ध्यान नहीं दे रहे हैं और ऐसी ही बेशकीमती जमीन अन्य क्षेत्र के अंदर है। उन सारी जमीनों को खुर्द-बुर्द करने का काम प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं। मैं सोमवार को स्वयं मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन लेकर मुख्य सचिव से मुलाकात करूंगा। दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो और ये बेशकीमती जमीने सरकार के पास बची रहे, उसके लिए हम काम करेंगे।

सच्चे कलाकार ग्रुप को मिला जयपुर फ़िल्म फोरम अवार्ड

जयपुर (हमारा वतन) शहर के क्रिएटिव फिल्म मेकर्स के ग्रुप जयपुर फ़िल्म फोरम की तरफ से एक नया इनिशिएटिव लिया गया है जिसमें उन नये और उभरते कलाकारों को प्रोत्साहित किया जा सके,जिन्होंने उस एक माह मे सबसे अलग काम किया हो या कुछ अलग और क्रिएटिव प्रोजेक्ट बनाये हो या कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। फाउंडर मोहसिन खान ने बताया की दिसंबर 21 माह का यह अवार्ड टीम सच्चे कलाकार को दिया गया है । इस टीम ने 45 दिनों मे 14 शॉर्ट फिल्मो का निर्माण करके एक नया मुकाम बनाया है और सभी सोशियल मुद्दों पर आधारित है जिन्हे यूट्यूब पर कई बार देखा गया है । इनमे शामिल कुछ फिल्मे जैसे कच्चे धागे, झूठे रिश्ते, दुल्हन, मज़बूरी, हम जिम्मेदार,पिता का दर्द शामिल है । इन शार्ट फिल्मो का लेखन और निर्देशन उग्रसेन तंवर ने किया । डी.ओ.पी लकी बोरा और मुख्य कलाकार रेखा परिहार, दीपक,अभिनव,महेश योगी है ।

अशोक पाल सिंह को मिला शिक्षक सम्मान

उत्तराखंड (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रुड़की के ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श और शिक्षक सम्मान समारोह के अंतर्गत महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली, विकास खंड नारसन जनपद हरिद्वार के शिक्षक अशोक पाल सिंह को शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया । डॉ. शर्मा ने कहा कि वैश्विक महामारी के समय में शिक्षकों ने कड़ी मेहनत एवं संवेदनशीलता से इस बुरे दौर में भी अपने कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया है और अपने आप को श्रेष्ठ सिद्ध किया है । गौरतलब है कि अशोक पाल सिंह शिक्षा दान के अलावा पर्यावरण संरक्षण अभियान को भी चला रहे हैं और लोगों को पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

अब जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 15वां संस्करण 5 मार्च से 14 मार्च 2022 तक होगा

जयपुर (नि.सं.)। आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रोड्यूसर, टीमवर्क आर्ट्स ने फेस्टिवल के 15वें संस्करण को पुनर्योजित करने की घोषणा की । पहले यह फेस्टिवल जनवरी के अंत में आयोजित होने वाला था, लेकिन अब इसका आयोजन 5 मार्च से 14 मार्च 2022 के बीच किया जायेगा । फेस्टिवल आयोजन के दौरान केंद्र और राजस्थान सरकार द्वारा लागू किये गए कोविड-19 के सभी नियमों का पालन किया जायेगा ।

रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी ने आयोजित की ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता

हरियाणा (हमारा वतन) रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता की गई । जिसकी थीम सेव एनवायरनमेंट थी । इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया । सभी चित्रकला में कुछ ना कुछ संदेश दिया गया । प्रकृति के बारे में सभी चित्रकला बहुत सुंदर थी। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयना जैन रही वहीं दूसरे स्थान पर अभिनव रहे। प्रथम व द्वितीय आने वाले

प्रतियोगियों को को रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। रुद्रा वेलफेयर सोसायटी के महासचिव पंकज शर्मा ने बताया कि यह चित्रकला प्रतियोगिता करवाने का असली मकसद बच्चों में ,बड़ों में, सब में प्रकृति को लेकर जागरूकता पैदा करन था , ताकि प्रकृति का ध्यान रखें ,प्रदूषण ना फैलाएं, अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएं । प्रकृति कितनी सुंदर है उसका आनंद लें ,उसके साथ छेड़छाड़ न करें। रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी की प्रधान काजल शर्मा ने कहा की प्रथम व द्वितीय आने वाले प्रतिभागी को रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

पूर्व विधायक सैनी ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान का अविलंब मुआवजा देने की मांग की

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं विधानसभा में ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है जिसमें बेर, आंवला, बील व अन्य पेड़ों के पत्ते व टहनियां टूट गई। वहीं पर टमाटर, मटर, गोभी व अन्य सब्जी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है एवं कई जगहों पर सब्जी की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।जिसमें ग्राम बांसा, सामोद, महारकलां, फतेहपुरा, कुशलपुरा, जाटावाली व चिथवाड़ी आदि पंचायतों में फसलों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने

जिला कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा व चौमूं तहसीलदार कृष्णा शर्मा से मांग की किसानों की फसलों का ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जल्द से जल्द गिरदावर करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जावे। जिससे किसानों को जल्द राहत मिल सके।

जॉब्स

1. एलिमेंट्री एजुकेशन डिपार्टमेंट राजस्थान बीकानेर, पद तृतीय श्रेणी शिक्षक, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022
2. यूपी पुलिस, पद असिस्टेंट ऑपरेटर, पद संख्या 1374, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022
3. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद नाविक जीडी, नाविक डीबी, यांत्रिक, पद संख्या 322, अंतिम तिथि 14 जनवरी 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद सीजीएल, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 23 जनवरी 2022
5. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसफ), पद हेड कॉन्स्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
6. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट कंजरवेटर फॉरेस्ट और फॉरेस्ट रेंजर, पद संख्या 63, अंतिम तिथि 9 फरवरी 2022
7. बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, पद पेंटर, वेटर, मैकेनिक, ड्राइवर, पद संख्या 354, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2022
8. यूपी पुलिस, पद हेड ऑपरेटर, पद संख्या 936, अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022.

भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का पूजा पाठक ने किया सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र कार्यालय जयपुर में राष्ट्रीय परशुराम सेना राजस्थान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष पूजा पाठक ने अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का सम्मान किया । सम्मान स्वरूप परशुराम जी फोटो फ्रेम और राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा रचित विप्र वैचारिक की स्मारिका के लिए शुभकामना संदेश दिया गया। इस दौरान पंडित अमित आचार्य, कुनाल पाठक, ललित पाठक, सुनील अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भाभीजी घर पर हैं: सौम्या टंडन ने शो छोड़ने को लेकर तोड़ी चुप्पी? बताया क्या थी असली वजह

टीवी शो भाबीजी घर पर हैं फेम एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने शो छोड़ने के बारे में पहली बार खुलकर जवाब दिया है। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा कि जाहिर तौर पर ये 5 साल का एक बहुत खूबसूरत सफर रहा है और इस दौरान उन्होंने बहुत से अच्छे दोस्त बनाए हैं। सौम्या ने बताया कि वह असल में और भी कई कमाल की चीजों पर हाथ आजमाना चाहती थीं जो इंडस्ट्री में इस दौरान हो रही थीं। सौम्या ने कहा कि वह खुद को एक थिंकिंग एक्ट्रेस मानती हैं। उनका कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि हर रोज उन्हें स्क्रीन पर दिखने की जरूरत है।

बताया क्यों कहा शो को अलविदा-मालूम हो कि सौम्या टंडन ने शो को अलविदा कह दिया था। उनके शो छोड़ने की वजह को लेकर कई तरह के कयास लगाए गए थे। लेकिन अब एक्ट्रेस ने द इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में उस वजह का खुलासा कर दिया है जिसके चलते उन्होंने इस मशहूर टीवी शो को अलविदा कहने का फैसला लिया।

घर-घर में मशहूर हो गई थीं सौम्या-सौम्या टंडन इस शो में अनीता भाभी (गोरी मैम) का किरदार निभाया करती थीं। अपने दमदार काम के चलते सौम्या टंडन घर-घर में विभूति नारायण की पत्नी के तौर पर लोकप्रिय हो गई थीं। लंबे वक्त के बाद अब उन्होंने शो छोड़ने के कारण का खुलासा कर दिया है। सौम्या ने बताया कि शो छोड़ने को लेकर उनके बारे में कई तरह के आर्टिकल लिखे गए थे जिन्हें पढ़कर उन्हें बुरा लगा।

तब क्यों चुप रही थीं सौम्या टंडन?

गौरतलब है कि शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने मेकर्स के साथ मनमुटाव के बाद शो छोड़ दिया था। यही वजह थी कि सौम्या टंडन के शो छोड़ने को भी फैंस इसी एंगल से जोड़कर देखने लगे थे। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें उस वक्त इस बारे में कुछ भी कहने की इजाजत नहीं थी इसलिए तब वह कुछ नहीं बोली थीं।

Agave syrup : वेट लॉस के साथ वीगन भी रहना है, तो ये हो सकता है आपका हेल्दी विकल्प

अगर आपको मीठा बहुत पसंद है और आप वीगन रहना चाहती हैं, तो हम आपके लिए एक प्लांट बेस्ड हेल्दी विकल्प ले आए हैं। जी हां, इसका नाम है अगेव सीरप। जो आपको जीवन में हेल्दी मिठास जोड़ सकता है।आप कितनी भी कसरत करें या हेल्दी डाइट का पालन करें, मीठे की क्रेविंग होना स्वाभाविक है। लेकिन फिटनेस फ्रीक के लिए यह सबसे दुविधा वाला समय होता है। स्वस्थ मीठे की लिस्ट उतनी बड़ी नहीं है और पारंपरिक मीठा आपके वेट लॉस या फिटनेस गोल्स को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में अगर आप वीगन डाइट का पालन करते हैं, तो चीज थोड़ी और मुश्किल हो जाती है। अगर आप मेपल सिरप, शहद और ब्राउन शुगर से बोर हो चुके हैं, तो अगेव सिरप भी ट्राई करने का समय है। जानिए क्या है यह सिरप।

क्या होता है अगेव सिरप?

आपने टकीला शॉट्स के संदर्भ में अगेव पौधे के बारे में सुना होगा। पौधे के रस को फर्मेंट करने के बाद आपका फेवरिट ड्रिंक तैयार होता है। लेकिन अगर आप अगेव सिरप से परिचित नहीं है, तो हम बता दें कि यह प्राकृतिक स्वीटनर भी इसी पौधे से मिलता है। इस विचित्र पौधे का उपयोग पोषण देने के साथ ईंधन और घर बनाने के लिए भी किया जाता है। यह बहुमुखी पौधा अगेव सिरप देता है। यह सिरप, विशेष रूप से पौधे से प्राप्त अमृत है। इसे नेचुरल स्वीटनर कहने से हमारा तात्पर्य है, कि यह चीनी से लगभग 25% अधिक मीठा होता है।

1. यह शुद्ध और प्लांट बेस्ड है- कई लोग मानते हैं कि स्वीटनर स्वाभाविक रूप से वीगन होता है। लेकिन विशुद्ध रूप से पौधे पर आधारित स्वीटनर वास्तव में मुश्किल से आता है। आप पहले से ही जानते हैं कि शहद मधुमक्खियों का एक उत्पाद है। लेकिन ऑर्गेनिक अगेव सिरप को पौधे से काटा जाता है, जो मेक्सिको के जलिस्को में स्थायी रूप से उगाया जाता है। यह प्राकृतिक होने के साथ वीगन भी है।

2. लो-ग्लाइसेमिक स्वीटनर -अगेव एक कम ग्लाइसेमिक प्राकृतिक स्वीटनर है। इसका अर्थ है कि इसके उपयोग से रक्त शर्करा में अचानक वृद्धि नहीं होती है। इसमें प्राकृतिक फाइबर, जो फ्रुक्टेन के रूप में जाना जाता है भी शामिल है। अध्ययनों ने चयापचय और शरीर के वजन प्रबंधन दोनों से अगेव सिरप को जोड़ा है। इसके अलावा, इस स्वीटनर के थोड़े से इस्तेमाल से आपको अधिक मिठास मिल सकता है। लगभग ङ कप एगेव में 1 कप चीनी के बराबर मिठास होती है।

छोटे पैमाने के किसानों का समर्थन करता है आगेव सिरप-मिठास आपके दैनिक जीवन का एक हिस्सा है। लेकिन आप शायद ही कभी इस पर विचार करते हैं कि वे कहां से आते हैं। वास्तविकता यह है कि, विश्व की 1% से भी कम गन्ना चीनी का उचित उत्पादन करता है। चीनी उद्योग में बड़ी ताकतों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए, छोटे पैमाने के किसान अक्सर अपने खेतों को बचाए रखने के लिए संघर्ष करते हैं। इसलिए ऑर्गेनिक अगेव सिरप न केवल एक मीठा विकल्प है, बल्कि अधिक फायदेमंद भी है। होलसम पहली यू.एस. कंपनी थी जिसने चीनी, शहद और अगेव के लिए उचित व्यापार मानकों की स्थापना की है। उन्होंने किसानों और श्रमिकों को उचित मूल्य और मजदूरी प्राप्त करने, उनकी कार्य स्थितियों में सुधार करने और सामुदायिक विकास निधि अर्जित करने में मदद की है।

कहीं आप भी अमरुद से जुड़े इन मिथ्स को सच तो नहीं मान रहीं

यदि आपको भी सर्दियों में अमरूद खाना बहुत पसंद है, तो इन बातों पर कभी भरोसा न करें। हम बता रहे हैं अमरूद के फायदे और इससे जुड़े कुछ तथ्य।सर्दियों के मौसम में अमरूद फलों का राजा माना जाता है और इसके पीछे का कारण इसके स्वास्थ्य से जुड़े लाभ है। आमतौर पर अमरूद बाजारों में नवंबर के अंत में आ जाते हैं और पूरे सर्दी के मौसम खूब पसंद किए जाते हैं। आयुर्वेद में अमरूद को 'अमृत' के नाम से जाना जाता है क्योंकि इसके गुण अमृत के समान है । आयुर्वेद में अमरूद के फल को कच्चा और पका हुआ दोनों प्रकार से उपयोग में लाया गया है. उसके बाद भी अमरूद से जुड़े कई मिथ लोगों को भ्रमित करते चले आए हैं और आज भी कर रहे हैं। पेट के लिए अमरूद काफी फायदेमंद है यह बात किसी से छुपी नहीं है। हालांकि कई लोग अमरूद का सेवन थोड़ा बच के करते हैं क्योंकि उन्हें कुछ दुष्प्रभाव का डर सताता है।

भारतीय बाजारों में मिलने वाला अमरूद एक सामान्य फल है। इसके पेड़ लगभग हर जगह हो जाते हैं खासकर ग्रामीण इलाकों में। भारत में सदियों से इस फल का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि इसे अमेरिका से यहां पुर्तगीज लोग लेकर आए थे। हालांकि आयुर्वेद के अनुसार प्राचीन काल से अमृत के नाम से यह जाना जाता है। स्वाद की बात करें तो अमरूद का स्वाद तीन प्रकार का होता है जिसमें खट्टा, मीठा और फीका शामिल हैं।

उर्फी जावेद ने स्माइल करने से किया मना तो हुई ट्रोल, यूजर ने कहा- 'मुस्कान ही नहीं कपड़े भी मैच नहीं होते'

उर्फी जावेद अपने अतरंगी फैशन के चलते भले ही ट्रोल होती हैं लेकिन वह इस वजह से सुर्खियों में भी खूब रहती हैं। वह अपने कपड़ों के साथ प्रयोग करती रहती हैं और कई बार उन्हें खुद ही डिजाइन करती हैं। एक बार फिर से उर्फी पैपराजी के सामने आई और पोज दिए। इस बार उन्होंने ब्लैक कलर का कटआउट थाई-हाई स्लिट गाउन पहना था। इसके ऊपर उन्होंने ग्रे कलर का जैकेट लिया हुआ था। अपने इस लुक के साथ उन्होंने व्हाइट हील्स मैचिंग किया और बालों को खुला रखा। उर्फी का वीडियो सामने आते ही यूजर्स उनके कपड़ों को लेकर एक बार फिर से कमेंट्स करने लगे।उर्फी कैमरे के सामने अलग-अलग अंदाज में पोज दे रही होती हैं। तभी एक पैपराजी उनसे स्माइल के लिए कहते हैं तो उर्फी उनसे कहती हैं, 'इस लुक के साथ स्माइल नहीं जाएगी।' उर्फी की इसी बात पर एक यूजर कहते हैं, 'केवल स्माइल ही नहीं कपड़े भी इस लुक के साथ नहीं जाते हैं।'

कार्तिक आर्यन से पूछा गया उनका बैंक बैलेंस, एक्टर बोले- मम्मी को पता है, सच बोल रहा हूं

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के करियर का ग्राफ काफी तेजी से ऊपर गया है. एक्टर ने अपने अभी तक के करियर में ना के बराबर फ्लॉट फिल्में दी हैं. उनकी अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही हैं. जाहिर तौर पर कार्तिक धीरे-धीरे करके कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते जा रहे हैं, लेकिन हाल ही में जब एक इंटरव्यू में उनसे उनका बैंक बैलेंस पूछा गया तो कार्तिक ने हंसते हुए बात टाली और कहा कि उन्हें इस बारे में कोई आइडिया नहीं है. कार्तिक आर्यन ने कहा कि इस बारे में उनकी मम्मी को पता होगा। **मम्मी को पता है कार्तिक का बैंक बैलेंस**-कार्तिक आर्यन से एजेंडा आज तक में जब पूछा गया कि उनका बैंक बैलेंस कितना है तो एक्टर ने जवाब दिया, मुझे नहीं पता. असल में मेरी मम्मी को पता है. सच बोल रहा हूं. इसके अलावा कार्तिक आर्यन से उनके खर्चों और इनवेस्टमेंट के बारे में भी पूछा गया. कार्तिक ने बताया कि वह सबसे ज्यादा खर्चा उनके कपड़ों पर करते हैं। **खुद को बताया सबसे काबिल बेचलर**-एक्टर से इसी इंटरव्यू में उनके रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर भी सवाल किया गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि वह अभी सिंगल हैं ।

एशेज : तीन मैच हार चुकी इंग्लैंड के लिए मुश्किलें और ज्यादा बढ़ी, पांचवे टेस्ट से ये 3 स्टार खिलाड़ी हो सकते हैं बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेला जा रहा है। इंग्लैंड की टीम ने अभी तक मैच में पिछले मुकाबलों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जारी एशेज सीरीज में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। इंग्लैंड की टीम पिछले 7 पारियों में ऑलआउट हुई है। तीसरे मैच की दूसरी पारी में तो इंग्लैंड की टीम सिर्फ68 रन पर ही ढेर हो गई थी। इंग्लैंड के लिए पांचवें टेस्ट से पहले मुश्किल और ज्यादा बढ़ने वाली हैं। क्योंकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जोस बटलर, बेन स्टोक्स और पहली पारी में शतक लगाने वाले जॉनी बेयरस्टो चोट के कारण सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

बेन स्टोक्स-बेन स्टोक्स ने चौथे मैच की पहली पारी में महत्वपूर्ण 66 रन का योगदान दिया था। लेकिन इस दौरान वह दर्द में थे। साइड इंजरी के कारण वह होबार्ट में पांचवें टेस्ट से बाहर होने की कगार पर हैं। लगभग पांच महीने बाद इंग्लैंड की टीम में वापस कर रहे बेन स्टोक्स की चोट को लेकर बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। इस वजह से वह पांचवें टेस्ट में शायद न नजर आएं।

जोस बटलर-टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर भी गुरुवार को विकेटकीपिंग के दौरान अपना अपने बाएं हाथ की उंगुली को चोटिल कर बैठे हैं। इस चोट की वजह से वह सही से बल्लेबाजी भी नहीं कर सके थे। वह पहली पारी में 8 गेंद खेलकर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। उनकी जगह ओली पोप विकेटकीपिंग कर रहे हैं। ओली पोप की जगह जॉनी बेयरस्टो को टीम में शामिल किया गया था।

जॉनी बेयरस्टो-इंग्लैंड की टीम चौथे टेस्ट मैच में एक समय 36 रन तक ही अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने शतकीय पारी खेलते हुए टीम को एक अच्छी स्थिति में पहुंचाया था।

इंटरनेशनल क्रिकेट पर से बैन हटते ही श्रीलंकाई बल्लेबाज दानुष्का गुणातिलका ने टेस्ट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दानुष्का गुणातिलका ने इंटरनेशनल क्रिकेट पर से बैन हटने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने पिछले साल जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर बायो-बबल के उल्लंघन के कारण दानुष्का के साथ साथ निरोशन डिकवेला और कुसल मेंडिस पर एक साल का बैन लगा दिया था और तीनों खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये का जुर्माना भरने के लिए कहा गया था। हालांकि अब इन तीनों ही खिलाड़ियों को बैन से मुक्त कर दिया गया है। इसके बाद ही गुणातिलका ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। गुणातिलका पिछले तीन साल से टेस्ट टीम से बाहर थे। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट साल 2018 में खेला था। हालांकि इंटरनेशनल क्रिकेट से बैन हटने के बाद गुणातिलका सीमित ओवरों के क्रिकेट में खेलना जारी रख सकते हैं। उनसे पहले हाल में श्रीलंकाई क्रिकेटर भानुका राजपक्षा ने भी संन्यास का ऐलान किया था। गुणातिलका ने कहा है कि एसएलसी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है। उन्होंने पिछले सप्ताह ही रिटायरमेंट लेटर क्रिकेट एडमिनिस्ट्रेशन को सौंपा था। सलामी बल्लेबाज ने कहा है कि उन्होंने सभी पहलुओं का मूल्यांकन करने के बाद और खेल के छोटे फ्रॉमेंट के लिए अपनी फिटनेस कायम रखने के लिए यह निर्णय लिया है।

ढाई साल बाद वापसी कर रहे उस्मान ख्वाजा ने एशेज में मचाया धमाल, मैच में जड़ा लगातार दूसरा शतक

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शानदार शतक जड़ दिया है। उन्होंने पहली पारी में भी शानदार 137 रनों की यादगार पारी खेली थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए ट्रैविस हेड की जगह टीम में जगह मिली थी। उन्होंने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दूसरी पारी में भी 131 गेंदों में 10 चौके और 2 छक्के की बदौलत शतक पूरा किया।अगस्त 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे उस्मान ख्वाजा ने एशेज सीरीज के चौथे मैच की पहली पारी में भी 260 गेंदों में 137 रन बनाए। 2019 एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया था। जिसके बाद सिडनी में खेले जा रहे एशेज सीरीज के चौथे मैच की दोनों पारियों में उस्मान ख्वाजा ने शतक जड़ा है।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

तीसरी लहर से सामना

तीसरी लहर के मद्देनजर जहां बचाव के उपायों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा है कि लोगों में अनावश्यक रूप से घबराहट न फैल जाए। सावधानी और घबराहट में बड़ा बारीक फर्क है, लेकिन यह फर्क धुंधला पड़ जाए तो सारे किए-कराए पर पानी फिर सकता है। तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए यह स्पष्ट है कि देश में कोरोना की तीसरी लहर आ चुकी है। एक्सपर्ट्स भी अब यह मानने लगे हैं। तमाम बड़े शहरों में कोरोना के जो नए केस आ रहे हैं, उनमें 50 फीसदी से ज्यादा मामले इसके नए वेरिएंट ओमीक्रॉन के हैं, जो सबसे ज्यादा संक्रामक है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह चिंता बढ़ गई है कि कहीं हालात फिर से बेकाबू होने की ओर न चले जाएं। दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू के साथ ही सरकारी दफ्तरों में (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) पूरी तरह से वर्क फ्रॉम होम और निजी कार्यालयों में 50 फीसदी उपस्थिति के आदेश जारी किए गए हैं। मेट्रो स्टेशनों पर लंबी कतार और भीड़भाड़ जैसी स्थिति टालने के लिए मेट्रो व बसों में पूर्ण क्षमता के साथ यात्रियों के बैठने की इजाजत जरूर दी गई है, लेकिन यह भी साफ कर दिया गया है कि किसी भी सूरत में बगैर मास्क के किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मिलती-जुलती पाबंदियां अन्य राज्यों में भी लगाई जा रही हैं। इस बीच, टीकाकरण मुहिम तो यथासंभव तेजी से चल ही रही है, 15 से 18 साल के नवयुवाओं को भी वैक्सीन की शुरुआत हो गई है। पहले दिन 41 लाख से ज्यादा टीनेजर्स को टीके की पहली डोज दी गई। तीसरी लहर के मद्देनजर जहां बचाव के उपायों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा है कि लोगों में अनावश्यक रूप से घबराहट न फैल जाए। सावधानी और घबराहट में बड़ा बारीक फर्क है।

राम गोपाल सैनी

55 छात्राओं को किया साईकिल का वितरण:ओम चौधरी

शाहपुरा (हमारा वतन) सेठ छगनलाल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धानोता में राजस्थान सरकार द्वारा साइकिल वितरण प्रोग्राम का आयोजन कविता शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत धानोता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जेपी मान उपप्रधान शाहपुरा के मुख्य आतिथ्य व ओम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारी संघ राजस्थान/जिलाध्यक्ष,प्रभारी जयपुर संभाग ओबीसी महासभा राजस्थान/जयपुर जिलाध्यक्ष जस्टिस फ़ॉर छाबड़ा/ फाउंडर प्रसिडेंट श्रीमती घोठी देवी डोड़वाड़िया ने अतिथि के रूप में शिरकत की। ओम चौधरी ने बताया कि सेठ छगनलाल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धानोता की कक्षा नवी की 55 लड़कियों को राजस्थान सरकार द्वारा साइकिल वितरण की गई। साइकिल पाकर लड़किया बहुत ही खुश हुई तथा लड़कियों ने राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया।संस्था प्रधान सुरेश कुमार कुलदीप ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

रक्त दाताओं का हुआ सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट ने रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन की टीम को रक्तदान के क्षेत्र में विशेष योगदान और अच्छा काम करने पर सम्मानित किया । पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज जयपुर में रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन की टीम को विशेष सम्मान दिया। इस दौरान अजय घूमना, मनीष जटवाड़ा, भीमसिंह मीना,शिवसिंह मीना,किरण मीना, राजेन्द्र चौधरी, मोहनलाल शेखावाला,सुनील बैरवा आदि को सम्मानित किया गया।

जयपुर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 13 जनवरी तक

खादी वस्त्रों की खरीद पर मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

खादी ग्रामोद्योग के शुद्ध उत्पाद प्रदर्शनी में हैं उपलब्ध

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ द्वारा बजाज नगर में आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सर्दी बढ़ते ही खादी के खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है । संघ के मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि खादी प्रदर्शनी 13 जनवरी तक रहेगी । खादी वस्त्रों की बिक्री पर 50 प्रतिशत की छूट मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 31 जनवरी तक बढ़ा दी है । यह प्रदर्शनी खाद्य संस्थाओं के मध्यवर्ती संगठन राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर द्वारा लगाई गई है । खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में सभी प्रकार के खादी के वस्त्र, ग्रामोद्योग इकाइयों द्वारा उत्पादित आचार, मुरब्बा, मसाले, साबुन, अगरबत्ती,लेमन टी, चर्म उद्योग, पायदान ,बीकानेरी पापड़, भुजिया, हींग, आयुर्वेदिक दवाइयां, सूखे मेवे, हर्बल प्रोडक्ट, देसी गुड़, तिलकुटा, जैकेट, शर्ट, कुर्ता, पायजामा, ऊनी वस्त्र, कंबल दरी, दस्ताने, स्वेटर आदि उपलब्ध है ।



अवैध शराब से भरी पिकअप पकड़ी, ड्राइवर गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी(वि.सं.)। हिण्डौन सिटी की नईमंडी थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब से भरी एक पिकअप पकड़ी है। पुलिस ने शराब तस्करी में ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाप्रभारी गिर्राज प्रसाद ने बताया कि एसपी शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। शुक्रवार दोपहर नईमंडी थाना पुलिस ने मंडावरा रोड पर एक पिकअप को संदिग्ध मारकर रोका।

हिमालयन बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट में उमड़ी भीड़

हर खरीद पर मिल रही 20 प्रतिशत की छूट

गर्म कपड़ों की सभी वेराइटियाँ मार्केट में उपलब्ध

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं शहर में हर बार की तरह इस बार भी गर्म कपड़ों का हिमालयन बुद्धिष्ट नेपाली मार्केट पालीवाल मार्ग के सामने जयपुर रोड पर लगा हुआ है । करीब 40 दुकानों के इस मार्केट में सर्दी में पहनने की सभी वैरायटी के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं । 20 प्रतिशत की छूट मिलते ही नेपाली मार्केट में ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है । मार्केट में लेडीज कार्डिगन खरीदने आई युवती ममता गंगवाल ने बताया कि मैं डेली जयपुर जाती हूँ । वहां भी कई मार्केट लगे हुए हैं । लेकिन चौमूं शहर के इस नेपाली मार्केट जैसे क्वालिटी के गर्म कपडे कहीं पर भी नहीं हैं । और अब तो 20 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है । मैंने आज अपने लिए लेडीज कार्डिगन और भाई के लिए जैकेट खरीदी है । मार्केट के प्रधान लोब जंग दोरजे और उप प्रधान अनुज शेरपा ने बताया की चौमूं क्षेत्र के लोगों का हमें कई सालों से साथ और सहयोग मिलता रहा है । इस बार भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ मार्केट में देखी जा सकती है । हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि ग्राहकों को उच्च क्वालिटी के गर्म कपड़े उचित रेट पर प्रदान किए जाएं । मार्केट में किसी भी प्रकार की बारगेनिंग नहीं की जाती है, एक दाम पर ही गर्म कपड़े उपलब्ध है । कोरोना महामारी को देखते हुए हमने ग्राहकों को 20 प्रतिशत का डिस्काउंट देना चालू कर दिया है ।

टीचर ने नहीं माना सरकारी आदेश

वीडीओ सीधी भर्ती परीक्षा में ड्यूटी देने से किया था इंकार, कलेक्टर ने किया निलंबित

सिरोही(वि.सं.)। राजकीय आदेश नहीं मानने वाले टीचर को निलंबित किया गया है। निलंबन के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पिंडवाड़ा में भेजा गया है। कलेक्टर भगवती प्रसाद के निर्देश पर निलंबित किया गया है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर कालूराम खौड़ ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल रोहिडा के टीचर दीपक पटेल की ड्यूटी ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2021 में लगाई गई थी। दीपक पटेल ने शिक्षक का आदेश लेने से इनकार कर दिया था।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा